दिनांक 4 जुलाई 2019

स्वच्छ भारत अभियान

स्वच्छ एवं सुंदर भिलाई

एक्सप्रेस सर्विस सेंटर की होगी स्थापना, महापौर एवं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव ने दिए थे इसके क्रियान्वयन के निर्देश

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई द्वारा दी जाने वाली विभिन्न नागरिक सुविधाओं के त्वरित क्रियान्वयन के लिए एक्सप्रेस सर्विस सेंटर की स्थापना के संबंध में महापौर परिषद की बैठक दिनांक 18 जून 2019 के प्रस्ताव क्रमांक 9 के अनुसार स्मार्ट भिलाई एप में महापौर एक्सप्रेस सर्विस पेज प्रमाण पत्र सुविधा तैयार किए जाने तथा कार्यों की समीक्षा/मॉनिटरिंग करने हेतु समिति गठित किए जाने का सर्वसम्मति से संकल्प पारित किया गया! जिसके लिए गठित समिति के साथ अधिकारियों की बैठक आयोजित हुई जिसमें सुभद्रा सिंह प्रभारी सदस्य सामान्य प्रशासन एवं विधाई कार्य विभाग, श्री सूर्यकांत सिन्हा प्रभारी सदस्य संस्कृति पर्यटन मनोरंजन एवं विरासत संरक्षण विभाग , तपन अग्रवाल सहायक अभियंता डाटा सेंटर, दीप्ति साहू प्रोग्रामर एवं जावेद अली प्रभारी सहायक स्वास्थ्य अधिकारी उपस्थित हुए! बैठक में हुई चर्चा के अनुसार जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र के त्वरित क्रियान्वयन के लिए ऐप तैयार कर आगामी सप्ताह में महापौर परिषद के समक्ष प्रकरण प्रस्तुत किया जाना है! एप से प्राप्त होने वाले दस्तावेज का परीक्षण एवं अनुमोदन की कार्यवाही करने में समय लगने की संभावना को देखते हुए उक्त सेवा का समय अवधि में परिवर्तन करना प्रस्तावित है! एक्सप्रेस सर्विस सेंटर ऐप का प्रचार-प्रसार व्यापक रूप से किया जाना प्रस्तावित है! उक्त योजना के सफलतापूर्वक क्रियान्वयन हेतु एप तैयार करने एवं उसकी मॉनिटरिंग के लिए दीप्ति साहू तथा नागरिक सुविधा के अंतर्गत जारी होने वाले प्रमाण पत्र जैसे जन्म मृत्यू, विवाह, अनुज्ञप्ति, गुमास्ता के अनुमोदन एवं डिजिटल हस्ताक्षर कार्य के लिए जावेद अली सहायक स्वास्थ्य अधिकारी , प्रभारी अधिकारी ई सेवा का दायित्व होगा! अभी इसकी प्रक्रिया जारी है इस सेवा से नागरिकों को कम समय में लाभ मिलेगा, बिचौलियों से भी राहत मिलेगी जिसके लिए आयुक्त एसके सुंदरानी ने जल्द से जल्द इस सेवा को प्रारंभ करने की दिशा में कार्य करने के लिए उपायुक्त लहरें को निर्देशित किया है!

जनसम्पर्क अधिकारी

जल है तो कल है जल ही जीवन है!